# खास-खबरें

## नवनियुक्त एल्डरमैन का किया स्वागत



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, देवरी कलाः** विधायक पंडित बृजबिहारी पटेरिया की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त नए एल्डरमैन के नाम राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद नगर में उनका स्वागत किया गया। नगर के समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप जैन बबलू सिनेमा वालों ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैन को शाल और श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त एल्डरमैन को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। स्वागत कार्यक्रम में संदीप जैन बबलू सिनेमा के साथ भूपेंद्र ठाकुर, मनोज स्वामी, संजय गुप्ता, खेमचंद अहिरवार, नीलेश रैकवार, शशि भूषण श्रीवास्तव, विजय सिंह राजपूत, खुशीराम अहिरवार और अरविंद रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तक्षशिला स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, खुरईः** तक्षशिला हायर सेकेंडरी स्कूल की तीनों शाखाओं में शिक्षक दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय संचालक संजय दुबे ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह दिन गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया तथा चाणक्य के जीवन प्रसंगों के माध्यम से बच्चों को गुरु की महत्ता बताई। कार्यक्रम को प्रभारी प्राचार्य रामनाथ विश्वकर्मा, नीलेश मोघे, आनंद बौद्ध, अभिलाषा जैन, शांति तिवारी और अक्षय तिवारी ने भी संबोधित किया।

## लायन्स क्लब ने शिक्षकों का किया सम्मान




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भीकनगांवः** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब भीकनगांव के सदस्यों ने ग्राम साईखेड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों के साथ यह विशेष दिवस मनाया। इस दौरान विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षकों के योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में प्राचार्य संजीव जोशी ने सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र बिल्लोरे का सम्मान किया। उन्होंने अपने सेवाकाल का अधिकांश समय साईखेड़ी विद्यालय में विद्यार्थियों के शिक्षण और मार्गदर्शन में बिताया था। लायन्स क्लब अध्यक्ष पवन चौबे, सचिव हिमांशु अत्रे और सदस्य अरविंद जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। क्लब की ओर से सभी शिक्षकों को हार पहनाकर सम्मानित किया गया और स्मृति स्वरूप पेन भेंट किए गए।

## सैकड़ों राधा-कान्हा की चहल-पहल से समेरिटंस बना वृंदावन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरमः** समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए जन्माष्टमी उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। रिमझिम फुहारों के बीच राधा-कृष्ण के आकर्षक स्वरूप में सजे बच्चे विद्यालय पहुंचे तो परिसर का माहौल वृंदावन जैसा नजर आया। कार्यक्रम में बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन, उनकी जीवन लीलाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां और श्लोकों का पाठ किया। प्री-प्राइमरी प्रभारी स्वाती खम्परिया ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति और सनातन संस्कारों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बच्चों के मनमोहक स्वरूपों और प्रस्तुतियों की सराहना की। प्रमोद शर्मा ने कहा कि एक साथ इतने राधा-कृष्ण स्वरूपों को देखकर अद्भुत दृश्य बना। कार्यक्रम में लीना देवासकर और कला शिक्षक राजेश व्यास ने भी शिक्षकों एवं अभिभावकों की प्रशंसा की।

## एल्युमिनियम वायर चोरी गिरोह पदार्फाश 5 बंडल तार के साथ 5 गिरफ्तार



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, खरगोनः** करही क्षेत्र में एक निजी कंपनी के स्टोर रुम से एल्युमिनियम तार चोरी मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लाखों रुपए मूल्य के 5 बंडल तार जब्त किए है। कार्रवाई में वारदात में इस्तेमाल की गई बाईक और लोडिंग वाहन को भी जब्त किया गया है। जब्तशुदा मश्रुका की कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 26 अगस्त को स्किपर कंपनी लिमिटेड के स्टोर कीपर ने रिपोर्ट पर पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेजों का विश्लेषण किया। परिणामस्वरूप ग्राम संदिग्ध अभिषेक पिता नरेन्द्र वर्मा निवासी रमठान बलवाड़ा, दीपक पिता हरचंद मकवाने निवासी मांगलिया चौराहा, थाना बड़गोंडा, जिला इंदौर, जीवन पिता कैलाश खराड़ी निवासी ग्राम दड़ थाना सिमरोल जिला इंदौर, मनीष पिता भारत वर्मा, निवासी रमठान, थाना बलवाड़ा, जिला खरगोन और करण पिता मोतिसिंह मालिवाल ए निवासी सुरतीपुरा, थाना सिमरोल, जिला इंदौर को हिरासत में लिया। आरोपियों ने चोरी का तार कवाणा स्थित मुर्गी फार्म हाउस के पीछे जंगल में छिपाकर रखा था।

# शिक्षा संजीवनी अभियान से क्षेत्र के 227 शासकीय स्कूलों की बदलेगी तस्वीर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बैतूल :** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के 227 शासकीय स्कूलों में अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया गया। शिक्षा संजीवनी अभियान के माध्यम से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य शासकीय स्कूलों को आकर्षक, सुरक्षित और सर्वसुविधायुक्त बनाते हुए विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। अभियान में सरकार के साथ समाज, जनप्रतिनिधियों, सहयोगी संस्थाओं, पालकों और शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

बैतूल विकासखंड में अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान के तहत विधायक हेमंत खंडेलवाल ने एकीकृत माध्यमिक शाला बडोरा, माध्यमिक शाला कोसमी, माध्यमिक शाला जामठी और खेड़ी सांवलीगढ़ में अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मां सरस्वती और भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि शासकीय स्कूलों में बुनियादी शिक्षा और सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में शिक्षा संजीवनी अभियान एक अभिनव पहल है। अभियान के तहत विद्यालयों की आवश्यकताओं को चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से अधोसंरचना विकास किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा।

विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दे रही है। अभियान के माध्यम से समाज को फिर से शिक्षा के मंदिरों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जनसहभागिता से शासकीय स्कूलों की कमियों को दूर करने, व्यवस्थाओं की निगरानी करने और आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि समाज, पालक, सेवानिवृत्त शिक्षक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन स्कूलों की जरूरतों के अनुसार निर्माण कार्यों में सहयोग कर सकते हैं। डेस्क-बेंच, डिजिटल कक्षाएं, बाउंड्रीवाल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास में जनसहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे स्कूलों के प्रति समाज की जिम्मेदारी और निगरानी भी मजबूत होगी।

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बताया कि जिले के करीब 227 शासकीय स्कूलों में अभियान के तहत अधोसंरचना विकास और उन्नयन कार्य शुरू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार कर विद्यार्थियों के लिए बेहतर और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाएगा।

## चुनिंदा महिला विधायकों के बीच निमाड़ की आवाज बनेंगी छाया मोरे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवाः** पंधाना विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता छाया गोविंद मोरे देशभर की चुनिंदा महिला विधायकों के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग की दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में शामिल होंगी। यह कार्यशाला 7 और 8 सितंबर को फरीदाबाद स्थित ताज सूरजकुंड रिजॉर्ट में आयोजित की जाएगी।

महिला जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित इस कार्यशाला का विषय जेंडर रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस रखा गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की ओर से विधायक छाया मोरे को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है।

कार्यशाला में महिला नेतृत्व और सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर मंथन होगा। इसमें विधायी कार्यप्रणाली, नीति निर्माण, प्रभावी संवाद, वार्ता कौशल, निर्णय लेने की क्षमता और समावेशी सोच जैसे विषयों पर महिला विधायकों की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

देश के विभिन्न राज्यों से आने वाली महिला विधायक अपने क्षेत्रों के अनुभव और चुनौतियां भी साझा करेंगी। आदिवासी बहुल पंधाना क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली छाया मोरे को ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों की महिलाओं से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर रखने का अवसर मिलेगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और राजनीतिक भागीदारी सहित विभिन्न विषयों पर निमाड़ के जमीनी अनुभव राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन सकते हैं। पंधाना जैसी अनुसूचित जनजाति विधानसभा का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर होना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## जिला स्तरीय वॉलीबॉल में पात्र गुरुकुल इंटरनेशनल का शानदार प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बड़वाहः** श्री कंवर तारा पब्लिक स्कूल मंडलेश्वर में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पात्र गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल की बालिका टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो वर्गों में उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में जिले के करीब 30 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।

कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बीच विद्यालय की अंडर-14 बालिका टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस टीम में प्रियांशी वर्मा, रिया मौर्य सहित कुल नौ खिलाड़ी शामिल थीं। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में शिवी गोयल, नम्रता परिहार सहित छह खिलाड़ियों की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान हासिल किया।

विद्यालय की दोनों टीमों ने प्रशिक्षक पीयूष ठाकुर और जयदीप जैन के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारी की थी। खिलाड़ियों के बेहतर तालमेल और खेल कौशल की सभी ने सराहना की।

विद्यालय प्रबंधन ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधन ने खिलाड़ियों को आगे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर अवसर और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया।

## कार्य में लापरवाही पर ग्राम पंचायत मऊपुर के सचिव निलंबित

**छतरपुर।** शासकीय कार्यों में लापरवाही और निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई नहीं करने के मामले में जनपद पंचायत नौगांव की ग्राम पंचायत मऊपुर के सचिव नरेंद्र सिंह परमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने की। जानकारी के अनुसार ग्राम मऊपुर निवासी ज्योति पटेल द्वारा प्रस्तुत आवेदन का पंचायत सचिव ने निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन नहीं किया था। समय पर आवश्यक कार्रवाई नहीं होने के कारण हितग्राही प्रसूति सहायता योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता से वंचित रह गईं। मामले की जांच में ग्राम पंचायत सचिव नरेंद्र सिंह परमार की प्रथमदृष्टया लापरवाही सामने आने पर जिला पंचायत प्रशासन ने निलंबन की कार्रवाई की। अधिकारियों ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्ध कार्रवाई को आवश्यक बताया है। निलंबन अवधि के दौरान नरेंद्र सिंह परमार का मुख्यालय जनपद पंचायत नौगांव निर्धारित किया गया है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन को मिला उत्कृष्ट बैंक सम्मान

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सीईओ श्रीमती रोकड़े को किया सम्मानित




**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** जिले के सहकारिता क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन को उत्कृष्ट कार्यों एवं निर्धारित मापदंडों पर उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में चयनित कर सम्मानित किया गया है।

2 सितंबर को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में आयोजित प्रदेश स्तरीय बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी कृषक समागम में प्रदेश के उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों एवं पैक्स संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रथम अपेक्स सम्मान का प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार श्रीमती संध्या रोकड़े प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रदान किया गया।

बैंक के प्रशासक बीएल मकवाना, प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी संध्या रोकडे एवं उपायुक्त सहकारिता खरगोन के आर आवासे ने इस सम्मान को जिले के किसानों एवं सहकारी संस्थाओं के विश्वास और सहयोग को समर्पित करते हुए कहा कि बैंक भविष्य में भी किसानों को बेहतर बैंकिंग एवं सहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने तथा सहकारिता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। श्रीमती संध्या रोकड़े ने प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन को प्रदेश में प्रथम अपेक्स सम्मान का प्रमाण पत्र बैंक इतिहास में पहली बार प्राप्त हुआ है जो बैंक के लिए गौरव का विषय है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन का प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में से प्रथम अपेक्स सम्मान हेतु चयन व पैक्स गोगावां का प्रदेष के पॉच उत्कृष्ट एम पैक्स में से द्वितीय अपेक्स सम्मान हेतु चयन एवं मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सम्मानित किया जाना जिले के सहकारिता क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## संपर्क समाधान शिविर में अधिकारियों ने सुनीं बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें




**नईदुनिया प्रतिनिधि, आमलाः** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाने के उद्देश्य से आमला शहरी विद्युत केंद्र द्वारा वार्ड क्रमांक 17 स्थित गणेश लॉन में शनिवार को विशेष संपर्क समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं ने बिजली बिल, वोल्टेज और अन्य तकनीकी समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं।

शिविर में सहायक अभियंता विलास उइके और कनिष्ठ अभियंता चेतना रहड़वे स्वयं उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

अधिकारियों के अनुसार शिविर में प्राप्त करीब 80 प्रतिशत शिकायतों का तत्काल निराकरण कर दिया गया। बिजली बिल से संबंधित दो प्रमुख शिकायतों की मौके पर जांच कर समाधान किया गया। इसके अलावा वोल्टेज की समस्या और अन्य तकनीकी खामियों से जुड़े आवेदनों पर भी चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिन शिकायतों के समाधान के लिए मैदानी सत्यापन या विभागीय प्रक्रिया की आवश्यकता है, उनके शीघ्र निराकरण का भरोसा उपभोक्ताओं को दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि शेष आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर समस्याओं का समाधान मिलने से उपभोक्ताओं ने राहत महसूस की। स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को अपनी शिकायतें सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने और उनका त्वरित समाधान पाने में सुविधा मिलती है।

## सेमरी हरचंद में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सेमरी हरचंदः** नगर में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और कृष्ण भक्ति की मधुर धुनों से पूरा नगर गोकुल की पावन धरती जैसा नजर आया। मंदिरों में विशेष सजावट की गई और मध्यरात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना के साथ महाआरती की गई। नगर की विभिन्न शालाओं में श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग पर आधारित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण और अन्य पात्रों की मनमोहक वेशभूषा धारण कर नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों में श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, प्रेम, करुणा और आनंद के भाव जीवंत हो उठे। शालाओं को रंगोली और पारंपरिक सजावट से आकर्षक रूप दिया गया। बाल गोपाल और राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चों की मुस्कान ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। नगर के श्रीरामचंद्रजी पंचायती बड़े मंदिर, खेड़ापति धाम स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, भेड़ा पुजारी छोटे मंदिर, सरजू बाई की मढ़िया, पीपल चौक सहित अन्य मंदिरों को रोशनी, तोरण, फूल-मालाओं और सुंदर झांकियों से सजाया गया। महिलाओं ने घरों में भजन-कीर्तन किए, वहीं मंदिरों में रामचरितमानस का पाठ हुआ। मध्यरात्रि महाआरती के बाद पंजीरी और अन्य प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान को विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया तथा खेड़ापति धाम में छप्पन भोग अर्पित किया गया।

## जन्माष्टमी पर शोभायात्रा व मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुए भूपेन्द्र सिंह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खुरईः** पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि कर्म, धर्म, न्याय, पर्यावरण संरक्षण, नारी सम्मान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। गीता के माध्यम से दिया गया उनका संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है।

खुरई के श्रीदेव मुरलीधर मंदिर, यादव मंदिर और किला गेट के समीप जन्माष्टमी पर आयोजित शोभायात्रा एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा और मनुष्य को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा दी। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश भी मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति जीवन का आधार है और उसका संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कंस के अत्याचारों के विरुद्ध श्रीकृष्ण का संघर्ष अन्याय और शोषण के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। वहीं द्रौपदी की रक्षा के प्रसंग से नारी सम्मान और उसकी गरिमा की रक्षा का संदेश मिलता है।

## उप निर्वाचन के चलते शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**खंडवा।** नगरीय निकाय और पंचायत उप निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। अपर जिला दंडाधिकारी के. आर. बडोले ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शस्त्रों के संभावित दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा खंडवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 34 में रिक्त पार्षद पद के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके साथ ही एक जनपद सदस्य और तीन सरपंच पदों के रिक्त स्थानों पर भी उप निर्वाचन कराया जा रहा है।

# श्रीकृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम में सजी द्वापर युग की झांकियां



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बीनाः** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण की आरती, सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चे श्रीकृष्ण और राधा के आकर्षक स्वरूप में सजकर विद्यालय पहुंचे।

कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित मनोहारी झांकियां सजाई गईं। भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी के क्षीरसागर में शयन, भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और सुभद्रा, मधुवन, कारागृह में श्रीकृष्ण जन्म तथा नंदबाबा द्वारा बालकृष्ण को यमुना पार ले जाने जैसे प्रसंगों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों ने गीत, भजन, नृत्य और श्रीकृष्ण जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में लगभग 230 मातृशक्ति, 40 पूर्व छात्र सहित करीब 300 लोग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन त्याग, संघर्ष और सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

विशिष्ट अतिथि भारती राय ने कहा कि झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से द्वापर युग की सुंदर झलक देखने को मिली। दीपक प्रपन्नाचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन संघर्ष और मार्गदर्शन का प्रेरक उदाहरण है तथा भगवद्गीता मानव जीवन की समस्याओं के समाधान का मार्ग दिखाती है।

विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ोतिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन के माध्यम से निष्काम कर्म, धर्म, कर्तव्य और कर्मयोग की शिक्षा दी। उन्होंने माता-पिता और गुरुजनों के सम्मान का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा समिति के पदाधिकारी, समाजसेवी, अभिभावक, विद्यालय परिवार और विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथि परिचय प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ोतिया ने कराया, जबकि कार्यक्रम का संचालन सुरभि मोघे ने किया।